गुरु नानक कॉलेज, धनबाद
A SIKH MINORITY DEGREE COLLEGE , AFFILIATED TO BBMK UNIVERSITY, DHANBAD NAAC ACCREDITED 'B' GRADE
छायावादी श्रृंखला
छायावादी श्रृंखला - तृतीय चरण
'महीयसी महादेवी : आधुनिक मीरा'
सह
विश्व कविता दिवसोत्सव
आयोजक :- हिंदी विभाग
स्थान :- बैंक मोड़ मल्टीपरपस हॉल
दिनांक :- 15/04/2024

गुरु नानक कॉलेज,धनबाद

हिंदी विभाग

महीयसी महादेवी: आधुनिक मीरा सह विश्व कविता दीवसोत्सव।

गुरु नानक कॉलेज धनबाद के हिंदी विभाग द्वारा बैंक मोड़ कैंपस के मल्टीपर्पस हॉल में 'छायावादी श्रृंखला के तृतीय चरण में 'महीयसी महादेवी : आधुनिक मीरा' विषय पर विशेष सत्र का आयोजन दिनांक 15/04/24 को किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को छायावाद के चार स्तंभ - जयशंकर प्रसाद, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, महादेवी वर्मा और सुमित्रानंदन पंत के साहित्यिक अवदान से मुखातिब हो सके, जिसे छायावादी श्रृंखला के रूप में हिंदी विभाग आयोजित कर रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत से हुआ। तत्पश्चात महादेवी वर्मा की छायाप्रति पर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया गया। हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो. सोनू प्रसाद यादव के द्वारा स्वागत-भाषण-सह विषय प्रवेश कर महादेवी की रचनाओं की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रक्षिता द्वारा माँ सरस्वती की वंदना से हुआ। तत्पश्चात महादेवी की कुछ चुनिंदा कविताओं का सुमधुर पाठ रिया, मुस्कान, अदिति आदि द्वारा किया गया। महादेवी द्वारा भिक्षुणी बनने की दिशा में किये गये प्रयासों को अभिनय के द्वारा रेहानुल, रितेश और तेज प्रकाश ने प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रो. इंचार्ज महिला शाखा डॉ. रंजना दास ने किया। उन्होंने अपने अध्यक्षीय संबोधन में संपूर्ण कार्यक्रम का द्रष्टा बनकर प्रत्येक विधाओं के रूप में मंचित पात्रों का उत्साहवर्धन किया तथा मार्गदर्शन करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस श्रृंखला को सराहते हुए आगामी सत्र को और उच्च स्तरीय प्रस्तुति की आशा प्रकट की। समस्त कार्यक्रम का सफल संचालन गुरु नानक कॉलेज धनबाद के प्राचार्य डॉ. संजय प्रसाद के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

धन्यवाद ज्ञापन की औपचारिक रीति हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो. सोनू प्रसाद यादव ने पूर्ण की। मंच संचालन विभाग की प्राध्यापिका प्रो. सिमरन श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर प्रो. संजय सिन्हा, प्रो.नीता ओझा, प्रो. वर्षा सिंह,प्रो. दलजीत सिंह, प्रो. पुष्पा तिवारी, प्रो.उदय सिन्हा, प्रो. पीयूष अग्रवाल, प्रो. अनुराधा कुमारी,प्रो. अभिषेक कुमार,प्रो. मुकेश कुमार, प्रो. मनीषा कुमारी तथा अन्य शिक्षकेत्तरकर्मी सहित 150 की संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रहीं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

Picture Gallery

छायावादी
'महीयसी महादेवी :
सह
DHANBAD

'महीयसी महादेवी
GURU NANAK COLLEGE
DHANBAD

Press Report

दैनिक भास्कर

धनबाद 16-04-2024

विश्व कविता दीवसोत्सव पर महादेवी की कविताओं का किया सुमधुर पाठ

धनबाद | गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के हिंदी विभाग की ओर से बैंक मोड़ कैंपस के मल्टीपर्पस हॉल में सोमवार को छायावादी शृंखला के तृतीय चरण में महीयसी महादेवी : आधुनिक मीरा' विषय पर विशेष सत्र हुआ। उद्देश्य विद्यार्थियों को छायावाद के 4 स्तंभ- जयशंकर प्रसाद, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, महादेवी वर्मा और सुमित्रानंदन पंत के साहित्यिक अवदान से अवगत कराना था। इसे छायावादी शृंखला के रूप में हिंदी विभाग करा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत महादेवी वर्मा की छायाप्रति पर श्रद्धा-सुमन अर्पित कर किया गया। हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो. सोनू प्रसाद यादव ने महादेवी की रचनाओं की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। इसके बाद रक्षिता ने मां सरस्वती की वंदना की। महादेवी की कुछ चुनिंदा कविताओं का सुमधुर पाठ रिया, मुस्कान, अदिति आदि ने किया। महादेवी के भिक्षुणी बनने की दिशा में किए प्रयासों को अभिनय द्वारा रेहानुल, रितेश और तेज प्रकाश ने प्रस्तुत किया। अध्यक्षता करते हुए डॉ. रंजना दास ने हर विधा के रूप में मंचित पात्रों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. संजय प्रसाद के मार्गदर्शन में हुआ। धन्यवाद ज्ञापन हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. सोनू प्रसाद यादव व मंच संचालन प्रो. सिमरन श्रीवास्तव ने किया। प्रो. संजय सिन्हा, प्रो. नीता ओझा, प्रो. वर्षा सिंह, प्रो. दलजीत सिंह, प्रो. पुष्पा तिवारी, प्रो. उदय सिन्हा, प्रो. पीयूष अग्रवाल, प्रो. अनुराधा कुमारी, प्रो. अभिषेक आदि उपस्थित थे।

गुरुनानक कॉलेज में आधुनिक मीरा विषय पर विशेष सत्र में शामिल छात्राएं व अन्य।

गुरुनानक कॉलेज में छात्रों ने महादेवी वर्मा को जाना

धनबाद। बैंक मोड़ में गुरुनानक कॉलेज के हिन्दी विभाग में सोमवार को छायावादी श्रृंखला के तीसरे चरण में महीयसी महादेवी : आधुनिक मीरा विषय पर विशेष सत्र का आयोजन किया गया।

प्राचार्य डॉ संजय प्रसाद ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को छायावाद के चार स्तंभ जयशंकर प्रसाद, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, महादेवी वर्मा और सुमित्रानंदन पंत के साहित्यिक योगदान की जानकारी देना है। छायावादी श्रृंखला के रूप में हिन्दी विभाग यह आयोजित कर रहा है। प्रो सोनू प्रसाद यादव ने महादेवी की रचनाओं की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता प्रोफेसर इंचार्ज महिला शाखा डॉ रंजना दास ने की। संचालन प्राध्यापिका प्रो. सिमरन श्रीवास्तव ने किया। मौके प्रो संजय सिन्हा, प्रो नीता ओझा, प्रो वर्षा सिंह, प्रो दलजीत सिंह, प्रो पुष्पा तिवारी, प्रो उदय सिन्हा, प्रो पीयूष अग्रवाल, प्रो अनुराधा कुमारी, प्रो अभिषेक कुमार, प्रो मुकेश कुमार, प्रो मनीषा कुमारी समेत अन्य मौजूद थीं।